# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

### लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 25 अगस्त, 2015/3 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 19**

----

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा रोक

986 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा मनाली से रोहतांग जाने वाली गाड़ियों की संख्या और पर्यटकों के खान-पान साथ ले जाने पर रोक लगाने के फलस्वरूप स्थानीय लोगों के रोज़गार को बहुत धक्का लगा है;

(ख) यदि हां, तो मनाली में कितने टैक्सी चालक हैं और कितने घोड़े पालक हैं जो बैंकों से ऋण लेकर अपना रोज़गार चला रहे थे, उनकी क्षति पूर्ति के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार क्या पग उठा रही है कि पर्यावरण का संतुलन भी रहे और लोगों का रोज़गार भी चले तथा पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि हो; ब्यौरा दें?

----

## बस अड्डा धर्मपुर

987 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में अधिक वर्षा एवं बादल फटने से धर्मपुर में स्थित सोहन खड्ड के जल स्तर बढ़ने से बस स्टैंड क्षतिग्रस्त हुआ है; यदि हां, तो क्या उस भूमि का चयन करने हेतु कमेटी का गठन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो किसकी अध्यक्षता में और टैक्निकल कमेटी ने क्या इस स्थान को बस स्टैंड के निर्माण हेतु उपयुक्त पाया था; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ग) यदि बिना तकनीकी रिपोर्ट के इस स्थान का चयन किया गया तो क्यों व किसके आदेश पर; और

(घ) जिन लोगों की लापरवाही के कारण यह क्षति हुई है, सरकार क्या दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

----

## कूड़ा संयंत्र केन्द्र

988 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र की जनसंख्या को देखते हुए नगर परिषद मनाली, रांगड़ी नामक स्थान पर कूड़ा संयंत्र केन्द्र संचालित करने जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय होगी और इसके आधुनिकीकरण हेतु सरकार ने क्या योजना बनाई है ?

----

## मन्दिरों हेतु धनराशि का आबंटन

989 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कुल कितने मन्दिरों/धार्मिक स्थलों के निर्माण एवं रख-रखाव के लिए किन-किन विभागों एवं केन्द्र सरकार द्वारा कितनी-कितनी राशि आवंटित की गई; ब्यौरा प्रत्येक मन्दिर/धार्मिक स्थान का दें;

(ख) सरकार द्वारा गैर-योजना से आज तक कितनी राशि किन-किन धार्मिक स्थलों को दी गई; ब्यौरा दें;

(ग) कितने मन्दिरों के ट्रस्ट बने हैं; उनका ब्यौरा अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के पते, आमदन/खर्चे सहित दें;

(घ) वर्तमान में बाबा कमलाह गढ़ मण्डी में कितनी राशि जमा हुई है; इसमें कितनी-कितनी राशि किन-किन कार्यों को आबंटित की गई; ब्यौरा दें ?

----

## धर्मशालाओं का अवैध निर्माण

990 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला ऊना के चिन्तपुरनी क्षेत्र में हो रहे धर्मशालाओं के अवैध निर्माण की जांच के लिए कोई कमेटी गठित की गई थी;

(ख) यदि हां, तो उसकी जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है; या नहीं; और

(ग) यदि नहीं, तो अद्यतन स्थिति से अवगत करवायें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना

991 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 10.4.2015 से 31.7.2015 तक जिला चम्बा में कितने नए P.H.C खोले गए हैं; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें ?

----

## लोक निर्माण मण्डल की स्थापना

992 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग का मण्डल कार्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां; और

(ख) यह भी सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के उप-मण्डल की सभी मशीनें काम करवाने के लायक नहीं है; यदि हां, तो सरकार इनकी मरम्मत हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

993 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्यांज-दारन व पठान-दाड़ी कुनासोट, स्यांह-ढावन, छलकी-तमरोह सड़कों को PMGSY में किस-किस वर्ष डाला गया है; विवरण दें;

(ख) इन सडकों की DPR क्या बन गई है; और

(ग) इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## कार्यों की स्वीकृति

994 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षो में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत PMGSY के अन्तर्गत World Bank के तहत कितने कार्य स्वीकृत हुए; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं; और कितने कार्य शेष हैं; ब्यौरा दें ?

----

## आयुर्वैदिक संस्थानों में रिक्तियां

995 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने आयुर्वैदिक अस्पताल हैं ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन अस्पतालों में डॉक्टरों व नर्सों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## बस अड्डों का निर्माण

996 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल बस अड्डे के निर्माण व मरम्मत के लिए क्या धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है; यदि हां, तो कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## भवन निर्माण

997 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा चौपाल व नेरवा में अस्पतालों के नए भवनों का निर्माण किया जा रहा है; ब्यौरा दें;

(ख) यदि हां, तो इन अस्पतालों के भवन निर्माण हेतु धनराशि का प्रावधान कर लिया गया है; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) ऐसे कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं जिनके पास अपने भवन नहीं हैं; सरकार इनके भवन निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(घ) इन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के पास क्या भूमि उपलब्ध है या नहीं; ब्यौरा दें ?

----

## पेयजल योजना काटली

998 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत काटली खड्ड पर माटली के लिए पीने के पानी की योजना का कार्य कब शुरू किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) कितना कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कितना शेष है, शेष कार्य कितनी अवधि तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## विद्युत विभाग में रिक्तियां

999 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में विद्युत विभाग के अन्तर्गत Field Staff i.e. JE, Foreman, Lineman, Assistant Lineman, T. Mate व बेलदार इत्यादि के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा रिक्त पदों का पदनाम सहित मण्डलवार दें ?

----

## सड़कों का घनत्व

1000 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश की कुल कितनी किलोमीटर लम्बी सड़कें लोक निर्माण विभाग के अधीन हैं; और

(ख) इन सड़कों का घनत्व कितना बनता है; ब्यौरा मण्डलवार सड़कों की लम्बाई तथा घनत्व सहित अलग-अलग दें ?

----

**Major District Rural Road**

1001 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश की कौन-कौन सी सड़कों को Major District Rural Road (MDRR) घोषित किया गया है;

(ख) इन सड़कों को Major District Rural Road (MDRR) घोषित करने के क्या मापदण्ड हैं; और

(ग) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2015 तक कितनी नई सड़कों को इस श्रेणी में लाया गया है; ब्यौरा सड़कों के नाम सहित मण्डलवार दें ?

----

**Award of Works**

1002 **Sh. Bikram Singh Jaryal (Bhattiyat)**:

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) during 16.02.2015 to 31.07.2015 how many works has been awarded under different heads in PWD Division, Dalhousie in Bhattiyat Constituency; and

(b) details of these works such as name of contractors with address, name of works with estimated cost and time frame be given ?

----

**सड़क निर्माण**

1003 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात के अन्तर्गत पड़ने वाली लाहड़ू-चुवाड़ी सड़क में पड़ने वाली कालीधार के सुधार एवं दूसरा रास्ता (सड़क) निर्माण के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है और सरकार कब तक इनके सुधार/निर्माण का विचार रखती है ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

**1004 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों (Civil Hospital, PHCs and Health Sub-Centres) में कितने डॉक्टरों, नर्सों, Lab Operators, FHW, MHW और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के पद रिक्त हैं; ब्यौरा केन्द्र व पदवार दें; और

(ख) सरकार इन खाली पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 12 अगस्त, 2015.** **सचिव।**